## सिंहस्थ मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष अग्रवाल आज संभालेंगे पदभार

**उज्जैन।** सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को गति देने के लिए सिंहस्थ मेला प्राधिकरण के नवागत अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल मंगलवार को पदभार ग्रहण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअल माध्यम से उन्हें पदभार ग्रहण कराएंगे। सुबह 10.30 बजे स्मार्ट सिटी कार्यालय स्थित मेला कार्यालय में होने वाले कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहेंगे। जगदीश अग्रवाल उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रह चुके हैं और भाजपा के नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। वे लंबे समय से भाजपा से जुड़े वरिष्ठ नेता हैं। आपातकाल के दौरान वे मीसाबंदी रहे और जेल यात्रा भी की। उनके राजनीतिक एवं प्रशासनिक अनुभव और वरिष्ठता को देखते हुए भाजपा सरकार ने उन्हें सिंहस्थ जैसे महत्वपूर्ण आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी है।

**सड़क पानी बिजली**-सिंहस्थ-2028 में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ साधु-संतों और अखाड़ों के आगमन को देखते हुए मेला प्राधिकरण की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। मेला क्षेत्र में साधु-संतों के लिए पड़ाव और प्लॉट का आवंटन, सड़क, पानी, बिजली सहित मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था प्राधिकरण के माध्यम से की जाएगी। इस बार प्लॉट आवंटन की प्रक्रिया को तकनीक आधारित बनाया जा रहा है, ताकि साधु-संतों को भूमि के लिए भटकना न पड़े और सिंगल क्लिक के माध्यम से आवंटन की प्रक्रिया पूरी हो सकेगी।

**लंबा राजनीतिक अनुभव**-मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जगदीश अग्रवाल को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने को उनके लंबे राजनीतिक अनुभव पर भरोसे के रूप में देखा जा रहा है। अब उनके सामने सिंहस्थ-2028 की विशाल व्यवस्थाओं को धरातल पर उतारने की बड़ी जिम्मेदारी होगी।



### तकनीक से होगी सिंहस्थ की निगरानी

सिंहस्थ-2028 को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की तैयारी है। मेला क्षेत्र की निगरानी के लिए एआई आधारित सिस्टम, ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों का उपयोग किया जाएगा। श्रद्धालुओं की भीड़, यातायात, सुरक्षा और व्यवस्थाओं पर नजर रखने के लिए तकनीक का व्यापक इस्तेमाल होगा। उद्देश्य यही है कि देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं और साधु-संतों को बेहतर सुविधाएं मिलें और उज्जैन में होने वाला सिंहस्थ अब तक का सबसे भव्य और सुव्यवस्थित आयोजन बने।

### मेला अधिकारी सिंह, अध्यक्ष अग्रवाल

सिंहस्थ की प्रशासनिक तैयारियों की कमान मेला अधिकारी आशीष सिंह के पास है, वहीं अब अध्यक्ष के रूप में जगदीश अग्रवाल प्राधिकरण की जिम्मेदारी संभालेंगे। दोनों के बीच बेहतर समन्वय से सिंहस्थ की तैयारियों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी होगी। पदभार ग्रहण कार्यक्रम में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, मेला अधिकारी आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, एसपी प्रदीप शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे। उन्होंने तंज करते हुए कहा मोदी सरकार चली गयी.

## रक्षा सूत्र बना समरसता और स्नेह का प्रतीक

**बड़नगर।** समरसता और भाई-बहन के अटूट प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में शनिवार को स्थानीय शांति वाटिका में भव्य स्नेहसूत्र-बहनों के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वार्ड पार्षद यादवेंद्र कृष्णचंद यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्याओं के पूजन एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। आयोजन में नगर की बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान बहनों ने पार्षद यादवेंद्र यादव को रक्षा-सूत्र बांधकर अपना स्नेह और आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर पार्षद यादव ने सभी बहनों का आत्मीय अभिनंदन किया और उनके सम्मान, सुरक्षा तथा सुख-दुख में सदैव साथ खड़े रहने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रक्षा सूत्र केवल एक धागा नहीं, बल्कि समरसता, सुरक्षा और विश्वास का बंधन है। कार्यक्रम में रितेश शर्मा एवं शुभम रैना म्यूजिकल ग्रुप द्वारा मनमोहक भजनों और गीतों की प्रस्तुति दी गई। जिस पर बहनों ने आनंदपूर्वक सहभागिता की। संस्था सारथी के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में आत्मीयता, उल्लास और भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का भावपूर्ण वातावरण बना रहा।



## एक नजर में

### चोरी का प्रयास करने वाले दो शातिर आरोपी गिरफ्तार



**महिदपुर।** महिदपुर पुलिस ने नमकीन के गोदाम में चोरी का प्रयास करने वाले दो आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान माखन उर्फ माखनसिंह राजपूत (29) निवासी मोचीखेड़ा, महिदपुर तथा हिम्मतसिंह उर्फ हेमंतसिंह राजपूत (45) निवासी मोचीखेड़ा, महिदपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 23 अगस्त को फरियादी जितेन्द्र पिता भंवरलाल जैन, उम्र 48 वर्ष, निवासी वल्लभ भाई पटेल मार्ग, महिदपुर ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात के समय पांच बंगला महिदपुर स्थित उसके नमकीन के गोदाम में उक्त दोनों आरोपियों ने घुसकर चोरी करने का प्रयास किया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना महिदपुर में बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद दोनों को न्यायालय महिदपुर में पेश किया गया। दोनों आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड, पुलिस के मुताबिक आरोपी माखन उर्फ माखनसिंह के विरुद्ध लूट, हफ्ता वसूली, चोरी, घर में घुसकर मारपीट, जान से मारने की धमकी सहित कुल 10 अपराध दर्ज हैं। एसडीओपी महिदपुर ज़ेंडेन लिंगज़ेरपा के मार्गदर्शन में संपत्ति संबंधी अपराधों की पतारसी एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई थी। पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका कार्रवाई में थाना महिदपुर पुलिस टीम के निरीक्षक अशोक पाटीदार, सउनि राधेलाल निनामा, प्रधान आरक्षक नारायणसिंह, सुखदेव, समरथ पाटीदार तथा चालक दिनेश कुमावत की सराहनीय भूमिका रही।

### पौधरोपण से पूर्व निकाली जागरूकता रैली



**उज्जैन।** ग्राम निनोरा स्थित देवरतन परिसर में अमर शहीद राजाभाऊ महाकाल एवं सैनिकों की स्मृति में 41 आम के पौधे रोपे गए। पौधरोपण से पूर्व गांव में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए रैली निकाली गई। इसके बाद गायत्री परिवार के अनिल राजपुरोहित और गोविंद पाटीदार ने मंत्रोच्चार के साथ पौधों की पूजा संपन्न कराई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कमल सिंह आंजना, विशेष अतिथि प्रदीप पांडे और राजेंद्र शर्मा गुरु उपस्थित थे। पर्यावरण प्रेमी मंच के संयोजक प्रकाश चित्तौड़ा, श्याम माहेश्वरी, अजीत मंगलम ने भी पौधे लगाए। पौधरोपण में ग्राम निनोरा के लालू नाथ योगी, नरेंद्र सिंह पटेल, रामसिंह, इंदर सिंह, शैलेंद्र सिंह, गोपाल सिंह, सरपंच पूजा गोपाल, दिनेश शर्मा, सज्जन सिंह राठौर और देवनारायण प्रजापत ने सहभागिता की। वहीं उज्जैन से आए भगवान शर्मा, खेमजी भाई चंदन, रवि गुप्ता, अशोक मुंदड़ा, संजीव आचार्य, उमेश गुप्ता, प्रतिमा जोशी, मधु गुप्ता और रक्तवाहिनी के यतीश जाट भी शामिल हुए। वसुंधरा हरियाली महोत्सव समिति एवं संस्थान के सदस्य केके पंवार, गौरव मालपानी, नरेश कुशवाह, अशोक देवड़ा, सत्यनारायण कछावा, मोहन अकोदिया, हरीश घारगे और महादेव ने भी पौधे लगाए। कार्यक्रम के पश्चात राकेश शर्मा लाला की ओर से भोजन कराया गया। अंत में उपस्थित पर्यावरण प्रेमियों ने 30 अगस्त को पुराने निनोरा ग्राम में शिप्रा किनारे 51 पौधे लगाने का संकल्प लिया।

### मुकेश लखवानी बने भारत विकास परिषद क्षिप्रा शाखा के अध्यक्ष




**उज्जैन।** भारत विकास परिषद क्षिप्रा शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। समारोह में मुकेश लखवानी ने अध्यक्ष, ज्योति पोरवाल ने सचिव और गौरव अग्रवाल ने कोषाध्यक्ष पद की शपथ ली। इनके साथ ही नई कार्यकारिणी और नवीन सदस्यों ने भी दायित्व ग्रहण किया। समारोह में मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर शैलेषानन्द गिरि महाराज और विशिष्ट अतिथि मप्र गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष ओम जैन उपस्थित थे। अतिथियों ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित कर मार्गदर्शन दिया। नवनियुक्त अध्यक्ष मुकेश लखवानी ने अपने पहले उद्बोधन में परिषद के मूल मंत्र सेवा और संस्कार पर विशेष जोर दिया। अध्यक्षता क्षेत्रीय संरक्षक संजय अग्रवाल ने की। दायित्व अधिकारी के रूप में राजेश पंड्या उपस्थित थे। इस अवसर पर अन्य सहयोगी शाखाओं के पदाधिकारियों ने नई टीम का स्वागत किया। संचालन पर्यावरण प्रमुख रितु घाटिया ने किया तथा आभार सचिव ज्योति पोरवाल ने माना।

### राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर दिखाई इसरो मिशन की डॉक्यूमेंट्री

**उज्जैन।** निर्मला कॉलेज एवं निर्मला कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सोमवार को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के विभिन्न मिशनों पर आधारित विशेष डॉक्यूमेंट्री का प्रसारण किया गया, जिसे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक देखा। महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से विद्यार्थियों को भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों, अनुसंधान और इसरो के महत्वपूर्ण अभियानों की जानकारी मिली। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और नई कल्पनाओं को प्रोत्साहित करता है। यह दिवस प्रेरणा देता है कि आकाश हमारी सीमा नहीं, बल्कि नई संभावनाओं की शुरुआत है।

## श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन आज, कृष्ण-रुक्मणी विवाह ने श्रद्धालुओं को भक्ति में बांधा

**नागदा।** श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर, रामसहाय मार्ग पर 19 अगस्त से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान गंगा यज्ञ का बुधवार को भक्तिमय एवं आध्यात्मिक वातावरण में भव्य समापन हुआ। मंदिर के पुजारी एवं कथा व्यास पंडित मनीष जी शिकारी द्वारा नगर में प्रथम बार श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया गया। कथा के शुभ अवसर पर औदीच्य ब्राह्मण समाज जन, महिला मंडल एवं युवा संगठन द्वारा व्यासपीठ का पूजन कर कथा व्यास पंडित मनीष जी शिकारी का आत्मीय स्वागत किया गया। सोमवार को कथा के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं के अंतर्गत जरासंध वध एवं भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह का मनोहारी प्रसंग सुनाया गया। कृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग के दौरान कथा पंडाल भक्तिरस में डूब गया और श्रद्धालु भाव-विभोर होकर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाते नजर आए।

कथा के अंतिम दिवस में आज कथा व्यास पंडित मनीष जी शिकारी भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, भक्तिमय प्रसंगों एवं श्रीमद्भागवत के आध्यात्मिक संदेशों का सुंदर वर्णन करते हुए धर्म, भक्ति, सदाचार एवं संस्कारों के मार्ग पर चलने का संदेश देंगे। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शन है।

सात दिवसीय इस धार्मिक आयोजन में नगर सहित आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन कथा श्रवण के लिए पहुंचे। कथा में नगर के गणमान्य नागरिकों, महिलाओं, समाजजनों एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और भक्ति का वातावरण बना रहा।





## नागदा के कवि आकाशवाणी पर

**नागदा।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर 28 अगस्त को प्रात: 8.30 बजे आप आकाशवाणी इंदौर से नागदा के कवियों के काव्यपाठ का आनंद लें सकेंगे। सुंदरलाल जोशी से वर्षा ऋतु पर गीत, हरचरण सिंह चावला के मोहक दोहे और श्रीराम पर दिल को छूने वाला गीत दिनेश दवे के मुक्तक और कैलाश सोनी सार्थक के उत्कृष्ट मुक्तक और समय पर शानदार कविता आपको सुनने को मिलेगी। शानदार अविस्मरणीय संचालन कैलाश सोनी ने किया। यह जानकारी अनिल खरे ने दी।

## नवनियुक्त कार्यकारिणी ने संभाले दायित्व, व्यापारिक एकता और व्यापारी हितों को प्राथमिकता देने का संकल्प

**नागदा।** 31 वर्षों से संचालित नागदा व्यापारी संघ की आवश्यक बैठक में नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। बैठक में पंकज नामदेव को पुन: नागदा व्यापारी संघ का अध्यक्ष तथा पद्मा सेठिया को नागदा व्यापारी महिला मंडल को अध्यक्ष मनोनीत गया। नवनियुक्त अध्यक्षों ने अपनी-अपनी कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए विभिन्न सदस्यों को दायित्व सौंपे। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। बैठक में नगर के प्रतिष्ठित व्यापारीगण एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे। मंचासीन अतिथियों ने सभा को संबोधित करते हुए व्यापारिक एकता, संगठन की मजबूती तथा नगर के व्यापारिक विकास को लेकर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने नागदा व्यापारी संघ द्वारा व्यापारी हित में किए जा रहे विभिन्न कार्यों की सराहना की। बैठक में आगामी गतिविधियों को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। संघ के माध्यम से एक दिवसीय तीर्थ यात्रा आयोजित करने तथा परंपरानुसार डोल ग्यारस के अवसर पर पोहा वितरण करने का निर्णय लिया गया।



### प्रमुख दायित्वों की घोषणा

नागदा व्यापारी संघ में दिलीप कांठेड़ संयोजक, पंकज नामदेव अध्यक्ष, नवीन पोरवाल सचिव, भगवान पोरवाल कोषाध्यक्ष, अखिल पोरवाल सह सचिव तथा मनोज ओरा, मुकेश मेहता, पंकज पोरवाल एवं अमित जैन नागदा को उपाध्यक्ष बनाया गया। इसके साथ ही पंकज अग्रवाल को जनसंपर्क, मनीष पोरवाल (राधिका) को सोशल मीडिया प्रभारी, रितेश नागदा को सदस्य, कमल ज्ञानचंदानी को प्रचार मंत्री तथा भरत पाटीदार को सांस्कृतिक समिति का दायित्व सौंपा गया।

## रोजगार करते हुए भी डिग्री हासिल करने का अवसर सरकार ने प्रदान किया

**बड़नगर। मध्य प्रदेश की जनहितेशी व लोकप्रिय सरकार ने मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू कोर्स का संचालन जन अभियान परिषद के माध्यम से कर ऐसे लोगों को अवसर प्रदान किया है जो किसी कारणवश अपनी पढ़ाई को निरंतर नहीं रख पाए थे।**

उक्त विचार सामाजिक कार्य के छात्रों के नवीन शिक्षा सत्रारंभ समारोह को संबोधित करते हुए विधायक जितेंद्र उदय सिंह पंड्या ने महाविद्यालय सभाग्रह में कहा कि इस पाठ्यक्रम के माध्यम से आप अपनी स्नातक व परास्नातक की डिग्री पूर्ण कर सकते हैं। जो व्यक्ति रोजगार से जुड़ा हुआ है वह रविवार से रविवार कक्षा में आकर अपनी पढ़ाई को पूर्ण कर सकता है। विकासखंड समन्वयक रेणुका श्रोत्रिय ने पाठ्यक्रम के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं को कंकू तिलक कर नवीन सत्र आरंभ की शुभकामनाएं देकर स्वागत किया गया। तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान की शपथ सामूहिक रूप से दिलवाई गई। कार्यक्रम के पूर्व अतिथि द्वारा सरस्वती पूजन किया गया एवं पुष्प गुच्छ से छात्र-छात्राओं विधायक का स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवीन छात्रों को पाठ्य पुस्तक वितरित की गई एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण विधायक के साथ सभी ने किया। कार्यक्रम का संचालन मेंटर अर्जुन सिंह डोडिया एवं आभार जीवन शर्मा ने व्यक्त किया।



## शिक्षक पात्रता परीक्षा किन संवर्गों के किन श्रेणी के शिक्षकों पर लागू होगी विभाग को तत्काल स्पष्ट करना चाहिए

**खाचरौद।** मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग में तथा त्रिस्तरीय पंचायती राजव्यवस्था अंतर्गत वर्षों पूर्व नियुक्त लाखों शिक्षकों सहायक शिक्षको, अध्यापकों को सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) पास करना अनिवार्य है। मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष स्वरूप नारायण चतुर्वेदी ने मुख्यमंत्री एवं आयुक्त लोक शिक्षण संचालनाय भोपाल को पत्र भेजकर आग्रह किया है कि शिक्षकों को पात्रता परीक्षा आवेदन करने के पूर्व विभाग को लिखित रूप से यह स्पष्ट करना चाहिए कि किन संवर्गों में नियुक्त शिक्षक, अध्यापकों को यह परीक्षा देना होगी साथ ही परीक्षा शुल्क प्रति प्रश्न पत्र एक हजार की अनिवार्यता को भी समाप्त किया जाना चाहिए। चतुर्वेदी ने पत्र में इस ओर भी ध्यान दिलाया कि वर्षों से शैक्षणिक कार्य कर रहे शिक्षकों, अध्यापकों पर अचानक परीक्षा का बोझ डालना सरासर गलत है। पात्रता परीक्षा शुल्क 1000 प्रति प्रश्न पत्र लेने से सरकार को 1500 करोड़ की आय होगी वहीं शिक्षकों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ेगा। चतुर्वेदी ने यह भी कहां है कि आधी अधूरी परीक्षा प्रकिया लागू करने से शिक्षक आवेदन करने में असमंजस में है परीक्षा के स्पष्ट दिशा निर्देश जारी करें बिना आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर देना सरासर गलत है वर्षों से शासकीय सेवा में कार्यरत शिक्षकों के भविष्य एवं सेवा शर्तों को किसी भी तरह की अनिश्चितता में नहीं रखना चाहिए।

## प्रेस क्लब में संतोष सुपेकर की कृति का विमोचन

**उज्जैन।** भारतीय रेल के लोको पायलटों के कठिन जीवन, अंतर्बाह्य संघर्ष और पीड़ा को उकेरने वाले संतोष सुपेकर के उपन्यास ढाई इंच पर दौड़ती जिंदगी का प्रेस क्लब में विमोचन किया गया। प्रेमचंद सृजन पीठ और सरल काव्यांजलि के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में साहित्यकारों और समालोचकों ने इस कृति को हिंदी साहित्य का एक दुर्लभ और प्रामाणिक कार्य बताया। यह उपन्यास मनुष्य जीवन के यंत्रवत हो जाने की त्रासदी को यथार्थ रूप में प्रस्तुत करता है।

**आयोजन के प्रमुख आकर्षण और उपस्थित साहित्यकार**-कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और मुंशी प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। सरस्वती वंदना डॉ. राजेश रावल ने प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत सरल काव्यांजलि के अध्यक्ष डॉ. संजय नागर, दिनेश दिग्गज, मानसिंह शरद, रमेश जाजू, संतोष सुपेकर, राजेन्द्र नागर, डॉ. पुष्पा चौरसिया, संदीप नागर, हर्ष सैनी, अनिल चौबे और नितिन पोल ने किया। समारोह में राजशेखर व्यास, डॉ. जगदीश शर्मा, डॉ. विश्वामित्र राय, डॉ. उर्मि शर्मा, डॉ. प्रीति जोशी, डॉ. रश्मि मोयदे, डॉ. पांखुरी वक्त, संदीप सृजन, अनिल पांचाल उपस्थित थे।




### लोको पायलट के मनोवैज्ञानिक संघर्ष पर दुर्लभ कार्य

समारोह के सारस्वत अतिथि और सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो. शैलेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि यह उपन्यास हिंदी कथा साहित्य में एक नई जमीन तोड़ता है। आम आदमी और किसान पर बहुत लिखा गया है, लेकिन लोको पायलट के मनोवैज्ञानिक और सामाजिक संघर्ष पर यह एक दुर्लभ कार्य है। मुख्य अतिथि एवं विक्रम विवि कार्यपरिषद के वरिष्ठ सदस्य राजेश सिंह कुशवाह ने कहा कि यह कृति लोको पायलट की कठिन सेवा और उनके रोमांचकारी अनुभवों का सटीक निचोड़ है।

### अनछुए विषय पर लाजवाब रचना

अध्यक्षता करते हुए प्रसिद्ध मालवी कवि डॉ. शिव चौरसिया ने कहा कि लेखक ने रेल की जिंदगी में डूबकर अपने सफर को बखूबी व्यक्त किया है। विशेष अतिथि देवास के सुप्रसिद्ध कथाकार मनीष वैद्य ने इसे अनछुए विषय पर लाजवाब रचना बताया। मुकेश जोशी ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि लघुकथाकार के रूप में विख्यात सुपेकर अब उपन्यास लेखन के लिए भी जाने जाएंगे।

## एक नजर

### उज्जैन में प्रांतीय अधिवेशन संपन्न, कर्मचारी कल्याण समिति अध्यक्ष को सौंपा 22 सूत्रीय ज्ञापन

## संविदा की तर्ज पर आउटसोर्स कर्मचारियों का भी हो संविलियन

**उज्जैन। मंगलनाथ रोड स्थित धन्वंतरि आयुर्वेदिक महाविद्यालय में 23 अगस्त को मध्यप्रदेश राज्य आउटसोर्स कर्मचारी संघ का प्रांतीय अधिवेशन आयोजित हुआ। इसमें प्रदेशभर के शासकीय विभागों, निगमों और मंडलों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों ने सेवा सुरक्षा, वेतन और नियमितीकरण पर मंथन किया।**

अधिवेशन में प्रमुखता से यह मांग उठी कि जिस तरह संविदा कर्मियों को नियमित किया जा रहा है, उसी तर्ज पर वर्षों से सेवाएं दे रहे आउटसोर्स कर्मचारियों का भी संविदा पदों पर संविलियन किया जाए ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। अधिवेशन के दौरान कर्मचारियों ने मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा को 22 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। शर्मा ने आश्वस्त किया कि जल्द ही संघ के प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री से मुलाकात कराई जाएगी, ताकि इन विषयों को उनके समक्ष रखा जा सके। बैठक में उज्जैन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन का एरियर अब तक न मिलने का मुद्दा भी गूंजा, जिसके शीघ्र भुगतान के प्रयास पर चर्चा हुई।



### तीन सत्रों में हुआ अधिवेशन

तीन सत्रों में संचालित इस अधिवेशन का शुभारंभ मुख्य अतिथि रमेश चंद्र शर्मा ने किया। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष आशीष सिंह सिसोदिया ने की। इस दौरान भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख सतीश शर्मा, राज्य कर्मचारी संघ के संगठन मंत्री मनोहर गिरी, प्रदेश महामंत्री प्रकाश पुंज चौधरी, आदित्य तिवारी, वर्षा शर्मा, संभागीय अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार, डॉ. रामतीर्थ शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ठाकुर, चंद्रकांत फटाले, राजीव सिंह सेंगर, डॉ. रत्नाकर, राधे मोहन, विजय परिहार और घनश्याम जोशी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## श्रावणी उपाकर्म संस्कार का आयोजन 28 अगस्त को

**बड़नगर।** सर्व ब्राह्मण समाज बड़नगर के तत्वावधान में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर शुक्रवार, 28 अगस्त 2026 को गोपाल गौशाला, बड़नगर में सामूहिक श्रावणी उपाकर्म एवं यज्ञोपवीत संस्कार का भव्य आयोजन किया जाएगा।

आयोजन को लेकर आयोजित बैठक में समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि सनातन संस्कृति एवं संस्कारों की गौरवशाली परंपरा को जीवंत बनाए रखने के साथ सामाजिक एकता और समरसता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें तहसील सहित आसपास के क्षेत्रों के समस्त विप्र बंधुओं को सादर आमंत्रित किया गया है। श्रावणी उपाकर्म संस्कार वेद मर्मज्ञ, त्रिपुरसुंदरी आश्रम उज्जैन के परम पूज्य गुरुदेव आचार्य वेद मूर्ति श्री उमेश जी शर्मा के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ संपन्न कराया जाएगा। आयोजक समिति की ओर से यज्ञोपवीत एवं आवश्यक पूजन सामग्री की व्यवस्था की जाएगी। समाज पदाधिकारियों ने कहा कि श्रावणी उपाकर्म केवल एक धार्मिक संस्कार नहीं, बल्कि अपनी संस्कृति, परंपराओं और वैदिक जीवन-मूल्यों से जुड़ने का पवित्र अवसर है।